मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश

कार्यालय ज्ञाप

संख्या–डीजी– दिनांकःलखनऊः 2017

विषयः पुलिस उपाधीक्षक सीधी भर्ती प्रशिक्षण पाठयक्रम का निर्धारण।

पुलिस उपाधीक्षकसेवा नियमावली 1942 के नियम 22 (3) (क) के प्राविधानों के अधीन सीधी भर्ती के प्रत्येक अधिकारी को परिवीक्षा अवधि के दौरान, राज्य पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में, 18 माह के प्रशिक्षण पाठयक्रम में सम्मिलित होना होगा तथा संशोधित उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा नियमावली 2016 -के नियम 22 (3) में प्रशिक्षण की अवधि के सम्बन्ध में यह अकिंत किया गया है कि ''शासन तथा विभागाध्यक्ष द्वारा समय–समय पर निर्धारित किया जायेगा।'' उसके लिए विहित विषय में विभागीय परिक्षाओं को पास करना होगा। पाठ्यक्रम के पूरा होने पर, वह जिला में तैनात किया जायेगा तथा उससे सहायक पुलिस अधीक्षक के लिए निर्धारित व्यावहारिक प्रशिक्षण में दक्षता प्रमाण–पत्र प्राप्त करना होगा।

बेसिक प्रशिक्षण की अवधि में परिवीक्षाधीन पुलिस उपाधीक्षक पर पुलिस ट्रेनिंग कालेज मैनुअल पार्ट–।। में निहित प्राविधान लागू होंगे। बेसिक प्रशिक्षण हेतु अन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थी यदि निर्धारित सीमा के अन्दर अपना योगदान प्रशिक्षण हेतु नहीं देता है तो पुलिस उपाधीक्षक सेवा नियमावली–1942 नियम 23 तथा संशोधित उ0प्र0पुलिस सेवा नियमावली–2016 के नियम–20 के प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

"निदेशक" से तात्पर्य अपर पुलिस महानिदेशक/ निदेशक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद से है।

1. प्रशिक्षण की रूपरेखाः–

1	**डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद**	01 वर्ष 15 दिवस	**380 दिन**
2	आर्मी अटैचमेन्ट		07 दिन
3	जनपदीय व्यावहारिक प्रशिक्षण	05 माह	146 दिन
	कुल		**533 दिन**

2. पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षुओं के ***डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद*** में आगमन के पूर्व ही एक स्वागत कक्ष की स्थापना की जायेगी, जिसमें एक पुलिस कर्मी की नियुक्ति की जायेगी, जो प्रशिक्षुओं को निर्धारित आवास, भोजनालय मनोरंजनगृह, पुस्तकालय एवं परेड ग्राउण्ड, अधिकारियों के कार्यालय एवं आवास, चिकित्सालय एवं ***प्रशिक्षण केन्द्र*** की जानकारी देगा ।

3. आगमन के पश्चात् पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु के नामिनल रोल फार्म भरवाये जायेगें जिसपर एक नवीनतम फोटो भी लगवाया जायेगा।

4. समस्त प्रशिक्षुओं के आगमन के प्रथम सप्ताह में जीरो परेड करायी जायेगी, जिसमें उन्हें जनपद के मुख्यालय में नियुक्त समस्त पुलिस अधिकारियों के कार्यालयों एवम् आवासों के बारे में जानकारी करायी जायेगी।

5. प्रशिक्षण के प्रारम्भ में **''जीरो वीक''** आयोजित किया जायेगा। इस सत्र में प्रशिक्षुओं के साथ Ice Breaking Exercise का आयोजन किया जायेगा। **''जीरो वीक ''** की अवधि में प्रशिक्षुओं को गहन प्रशिक्षण न देकर पुलिस विभाग के परिवेश से परिचित कराया जायेगा, जिसमें मुख्य रूप से वर्दी का रख–रखाव तथा उसका पहनना, वर्दी तथा सादे कपड़ों में अधिकारियों का अभिवादन करना, सावधान एवम् विश्राम बनाना, विभिन्न पद के पुलिस अधिकारियों के पद चिन्हों का ज्ञान, परेड ग्राउण्ड, आफीसर्स मेस एवम् आफीसर्स हॉस्टल के नियमों व अनुशासन का ज्ञान कराया जायेगा।

6. नापतौल

प्रशिक्षुओं की शारीरिक नाप–जोख– ऊॅचाई, वजन, कमर एवं नाभि के स्थल पर नाप किसी सक्षम अधिकारी द्वारा (पुलिस उपाधीक्षक या उससे उच्च पद) द्वारा समपादित की जायेगी, जिसका उल्लेख नाप–जोख रजिस्टर में किया जायेगा। यह नाप प्रत्येक तीन माह में की जायेगी। इसका एक रजिस्टर रखा जायेगा। इसमें एक ही स्थान पर चारों तिमाहियों का नाप लिखा जायेगा। निदेशक इसे स्वयं देखेंगे। जिस प्रशिक्षु का B.M.I. (Body Mass Index) वान्छनीय (21–24) से कम / ज्यादा हो उस पर विशेष ध्यान दिया जायेगा ताकि B.M.I. वान्छनीय स्तर पर आ जाये। इसी प्रकार कमर की नाप भी प्रशिक्षण के साथ कम हो जानी चाहिए। इस नाप–जोख का उद्देश्य यह देखना है कि प्रशिक्षुओं की शारीरिक फिटनेस में प्रशिक्षण के अपेक्षित सुधार हो रहा है या नहीं।

7. आवास

सभी प्रशिक्षुओं को निदेशक द्वारा निर्दिष्ट आवासों में ही रहना होगा। किसी प्रशिक्षु को निर्धारित हॉस्टल के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर निवास की अनुमति नहीं दी जायेगी।

8. आफीसर्स मेस

आफीसर्स मेस में निर्धारित परिधान ही पहना जायेगा। आफीसर्स मेस में किसी भी प्रकार का अनौपचारिक परिधान यथा–हाफ पेन्ट/शार्ट्स, ट्रेक सूट, स्लीपिंग सूट, कुर्ता पयजामा, बाथरूम स्लीपर, चप्पल आदि पहन कर प्रवेश नहीं किया जायेगा। भोजन, आफीसर्स मेस में निर्धारित स्थान पर बैठकर किया जायेगा। भोजनालय से भोजन ले जाकर हॉस्टल में या अन्यत्र भोजन करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। टेबिल बियरर प्रशिक्षुओं के भोजनालय सम्बन्धी एटीकेट्स की जानकारी देंगे।

9. सेवाओं के लिये भुगतान

निदेशक द्वारा जेनरेटर/इनर्वटर, हॉस्टल फण्ड की कटिंग की जा सकेगी, परन्तु यह कटौती किसी भी दशा में प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा निर्धारित धनराशि से अधिक नहीं होनी चाहिए। नाई, धोबी, मोची की सेवाओं के लिए कन्जयूमेबिल्स हेतु एक निश्चित धनराशि ली जायेगी ।

10. स्क्वाड कमाण्डर

स्क्वाड कमाण्डर की नियुक्ति प्रशिक्षुओं में से की जायेगी। इनका यह दायित्व होगा कि आफीसर्स मेस से सभी प्रशिक्षुओं को एक टोली के रूप में अन्तः / बाह्य स्थल तक लेकर जायेगा तथा कक्षा की समाप्ति के उपरान्त अनुशासित तरीके से पूरी टोली को वापस आफीसर्स मेस में ले आयेगा।

11. पुस्तकालय एवं वाचनालय

पुलिस अकादमी के पुस्तकालय में पाठ्यक्रम के अनुरूप आवश्यक पुस्तकों के अतिरिक्त पर्याप्त संख्या में विविध पुस्तकों, समाचार पत्र, पत्रिकाओं की व्यवस्था है, जिसका सदुपयोग प्रशिक्षुगण समय–समय पर करेंगे।

12. मॉडल पुलिस स्टेशन

पुलिस अकादमी में एक मॉडल पुलिस स्टेशन बनाया गया है, जिसमें पुलिस थाने में प्रयोग में आने वाले सभी रजिस्टर एवं फार्म तथा अन्य विवरण अभिलेख एवं उपकरण रखे हैं। प्रशिक्षु इसका पूरा सदुपयोग करें।

13. मनोरंजन

प्रशिक्षण केन्द्र में आर्यप्रेक्षा गृह (सिनेमाघर) उपलब्ध हैं जिसमें प्रशिक्षुओ को प्रत्येक सप्ताह में एक फिल्म दिखाई जायेगी।

14. सूचना पट्ट

पुलिस अकादमी में प्रशिक्षुओं के क्लास रूम के पास, छात्रावास एवं आफीसर्स मेस के निकट उचित स्थान पर एक सूचना पट्ट की व्यवस्था की जायेगी, जिसमें प्रशिक्षुओ से संबंधित सूचनायें तथा आवश्यक आदेश–निर्देश चस्पा किये जायेंगे।

15. सुझाव एवं शिकायती पत्र पेटिका

पुलिस अकादमी में राजपत्रित छात्रावास में एक सुझाव एवं शिकायती पत्र पेटिका रखी जायेगी, जिसमें प्राप्त सुझाव एवं शिकायतों का निराकरण संस्था के प्रभारी द्वारा किया जायेगा।

16. मासिक सम्मेलन

प्रत्येक माह सम्मेलन आयोजित किया जायेगा, जिसमें प्रशिक्षुओं के कल्याण संबंधी वार्ता होगी एवं प्रशिक्षुओं से इनके संबंध में सुझाव/शिकायतों की जानकारी प्राप्त की जायेगी।

17. परिधान

प्रत्येक प्रशिक्षु को मौसम के अनुसार परेड एवं प्रशिक्षण केन्द्र मे निर्धारित वर्दी पहननी होगी।

18. खेलकूद

प्रत्येक प्रशिक्षु को प्रशिक्षण अवधि में खेलकूद में भाग लेना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण के प्रभारी अधिकारी खेलकूद के लिए बॉलीबाल, फुटबॉल तथा तैराकी आदि हेतु व्यवस्था करेंगे।

19. प्रशिक्षण पंजिका(Training Reports)

पुलिस अकादमी में आगमन करते ही प्रत्येक प्रशिक्षु एक रजिस्टर बनायेंगे जिसे प्रशिक्षण पंजिका (Training Reports) कहा जायेगा। इस रजिस्टर में वह प्रति दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम का सारांश दिनाँक सहित अंकित करेगा। इस रजिस्टर को कोर्स डायरेक्टर प्रति सप्ताह देखेगा एवं अपनी टिप्पणी देगा। जनपदीय व्यावहारिक प्रशिक्षण, संवेदीकरण कार्यक्रम, कैपसूल कोर्स इत्यादि का विवरण भी इसमें दिनाँक सहित अंकित किया जायेगा। जनपद में व्यावहारिक प्रशिक्षण का पर्यवेक्षण परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं जोनल पुलिस महानिरीक्षक भी करते रहेंगे। व्यावहारिक प्रशिक्षण की समाप्ति पर प्रशिक्षु परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक के समक्ष प्रस्तुत होंगे।

परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक साक्षात्कार तथा प्रशिक्षण पंजिका (Training Reports) के आधार पर 100 में से अंक देंगे।

20. अनुपस्थिति एवं अवकाश

(अ) आधारभूत प्रशिक्षण की अवधि में किसी भी प्रशिक्षणार्थी को सामान्य रूप से कोई आकस्मिक अवकाश नहीं दिया जायेगा। अपरिहार्य परिस्थिति में निदेशक द्वारा आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया जा सकेगा। तीन दिन या उससे अधिक लगातार अवकाश पडने पर सामूहिक अवकाश दिये जाने का अधिकार निदेशक को है।

(ब) प्रशिक्षुओं को केन्द्रीय पुलिस चिकित्सालय/जिला चिकित्सालय, मुरादाबाद अथवा जनपद के किसी राजकीय चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी द्वारा दिये गये विश्राम अवकाश को देय अवकाश में परिवर्तित किया जायेगा।

(स) यदि कोई पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षण काल की अवधि में अनावश्यक या अनुचित रूप से अनुपस्थित होगा अथवा बिना अनुमति के प्रशिक्षण केन्द्र से अनुपस्थित होगा या अवकाश पर जाने पर बिना उचित या अपरिहार्य कारणों से अनुपस्थित होगा एवं झूठे आधार पर अवकाश प्राप्त करेगा या प्राप्त करने का प्रयास करेगा तो ऐसे प्रशिक्षु के विरूद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (दण्ड एवं अपील) नियमावली–1999के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

(द) पूरे प्रशिक्षण काल में 45 दिवस से अधिक किसी भी कारणवश अनुपस्थित रहने वाले प्रशिक्षणार्थी को अन्तिम परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। ऐसे प्रशिक्षु की परीक्षा अनुत्तीर्ण प्रशिक्षुओं के साथ तीन माह के पूरक प्रशिक्षण के उपरान्त आयोजित परीक्षा के समय ली जायेगी। किसी भी कारण से यदि किसी प्रशिक्षु की प्रशिक्षण से अनुपस्थित अवधि 120दिवस या उससे अधिक होती है तो उसे अगले प्रशिक्षण सत्र में शामिल होकर पूरा प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।

(य) प्रशिक्षण अवधि के दौरान परिवीक्षाधीन पुलिस अधिकारी द्वारा अनुशासनहीनता के प्रकरणों में उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (दण्ड एवं अपील) नियमावली–1999 के विहित प्राविधानों के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

21. <u>महिला प्रशिक्षु द्वारा गर्भ धारण</u>:–

(1) महिला प्रशिक्षु द्वारा इस बात के लिये समस्त सम्भव सावधानी एवं सतर्कता बरतनी चाहिए कि वह प्रशिक्षण के दौरान गर्भ धारण न करें। यदि वह गर्भवती है तो इसकी सूचना प्रशिक्षण केन्द्र के प्रमुख को तत्काल देनी होगी।

(2) प्रशिक्षण केन्द्र के प्रमुख ऐसी महिला प्रशिक्षु को प्रशिक्षण जारी न रखकर अनुमन्य अवकाश/ विश्राम स्वीकृत करायेंगे।

(3) गर्भवती महिलाओं को शेष प्रशिक्षण उनके प्रसूति के एक वर्ष बाद आगामी प्रशिक्षण सत्र के साथ कराये जाने की व्यवस्था की जायेगी।

(4)– यदि किसी महिला को प्रशिक्षण प्रारम्भ होने के एक वर्ष के अन्दर प्रसव हुआ है तो प्रशिक्षण में शामिल होने के पूर्व उसे मुख्य चिकित्साधिकारी मुरादाबाद से प्रशिक्षण हेतु फिट होने का प्रमाण–पत्र प्राप्त करना होगा।

22. श्रमदान, साज सज्जा एवं वृक्षारोपण

प्रशिक्षुओं से श्रमदान एवं वृक्षारोपण का कार्य केवल बृहस्पतिवार एवं रविवार को पूर्वान्ह में ही कराया जायेगा, जिसमें उनसे परेड ग्राउण्ड, बैरक एरिया, क्वार्टर गार्द, गार्डेन आदि की सफाई व रख–रखाव का कार्य कराया जा सकेगा। कार्य दिवसों में बाह्य एवं अंतः विषयों के कालाशों में कोई श्रमदान एवं वृक्षारोपण किसी भी दशा में नहीं कराया जायेगा। किसी भी अधिकारी के आवासीय परिसर इत्यादि में श्रमदान नही करवाया जायेगा ।

23. पुरस्कार

प्रशिक्षण की समाप्ति पर प्रशिक्षुओं को निम्नानुसार पुरस्कार प्रदान किये जायेंगेः–

1–प्रत्येक आन्तरिक एवं वाह्य विषयों के प्राप्तांकों में प्रथम स्थान पाने वाले प्रशिक्षुओं

2–समस्त आंतरिक/बाह्य विषयों के प्राप्तांकों के योग में अलग–अलग प्रथम आने वाले प्रशिक्षुओं

3–सर्वांग सर्वोत्तम प्रशिक्षु

4–परेड कमाण्डर प्रथम, द्वितीय व तृतीय को पुरस्कृत किया जायेगा।

5–शासन द्वारा घोषित कोई अन्य पुरस्कार।

6–प्रशिक्षण में विशेष अभिरूचि रखने वाले उत्कृष्ट राजपत्रित अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र दिये जायेंगे।

7–सर्वांग सर्वोत्तम प्रशिक्षु के चयन के लिए निदेशक द्वारा प्रदत्त साक्षात्कार के अंकों को भी जोड़ा जाएगा। प्रशिक्षण में विशेष अभिरूचि रखने वाले उत्कृष्टउपनिरीक्षक अध्यापक, आई.टी. आई./पी.टी.आई. को भी संस्था के प्रभारी द्वारा अलग से पुरस्कृत किया जायेगा।

24. पर्यवेक्षण

प्रशिक्षुओ को प्रशिक्षण, निर्धारित पाठयक्रम के अनुसार,निदेशक के निकट पर्यवेक्षण में प्रदान किया जायेगा। निदेशक द्वारा चयनित एक राजपत्रित अधिकारी प्रशिक्षण का सत्र निदेशक होगा। प्रत्येक सप्ताह में एक पीरियड ट्यूटोरियल होगा। प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न टोलियों से लेकर एक क्लास बनाई जायेगी। एक क्लास टीचर नियुक्त होगें, जो प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी का ट्यूटोरियल लेंगे और प्रशिक्षणार्थी की प्रगति से निदेशक को अवगत करायेंगे। आन्तरिक विषयों के प्रशिक्षण को पाठ्यक्रम के अनुसार सम्पन्न कराने हेतु प्रभारी इण्डोर उत्तरदायी होंगे तथा बाह्य विषयों के प्रशिक्षण को पाठ्यक्रम के अनुसार सम्पन्न कराने हेतु सैन्य सहायक उत्तरदायी होंगे।

25. आन्तरिक विषय के प्रशिक्षकों के लिए निर्देश

1– प्रशिक्षुओं के आत्म सम्मान को चोट न पहुँचने पाये। उन्हें स्वयं अपना तथा दूसरे का सम्मान करना सिखाया जाये। आवश्यक है कि उनमें हीन भावनानपनपने पाये और यदि पूर्व से ऐसी भावना हो तो उसे निकाला जाये। एक आत्म सम्मान वाला पुलिस उपाधीक्षक ही नागरिकों से सम्मान पूर्वक व्यवहार करने में सक्षम होगा।

2– प्रशिक्षुओं में अपने कृत्यों की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेने का साहस पैदा किया जाये। हानि की कीमत पर भी असत्य का सहारा न लेने की भावना जागृत की जाये।

3– प्रशिक्षुओं के अन्दर प्रजातान्त्रिक मूल्यों, समता, बन्धुत्व तथा व्यक्ति की स्वतंत्रता की भावना जागृत करना प्रशिक्षकों का प्रमुख दायित्व है। उन्हें प्रशिक्षित किया जाये कि अशिष्ट/ उद्दण्ड व्यवहार करने वाले या सामान्य तथा सभ्य समाज में अस्वीकार्य भाषा एवं आचरण का प्रयोग करने वाले व्यक्ति को भी बिना उत्तेजित हुये शिष्ट शब्दों से वार्ता करके शान्त करने का कौशल उनमें आ जाये।

4– प्रशिक्षुओं को जनता के व्यक्तियों से सम्मानजनक व्यवहार का बोध एवं अभ्यास कराया जाये चाहे वह व्यक्ति पीड़ित हो, अथवा अभियुक्त हो, अथवा घायल हो, अथवा बन्दी हो। जिन व्यक्तियों के ऊपर बल प्रयोग किया जाये उनके साथ भी शिष्ट एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाये। घायलों/शवों को उठाते/परिवहन करते समय व्यक्ति की गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाये।

5– अपनी गलती होने पर क्षमा प्रार्थना करना/ खेद व्यक्त करना आवश्यक है। नागरिकों को असुविधा होने पर भी क्षमा मांगना उच्चकोटि के शिष्ट आचार का द्योतक है। भले ही हमारी कोई गलती न हो। उदाहरणार्थ– तलाशी लेने से पूर्व या गिरफ्तारी करते समय"क्षमा करियेगा/ माफ करियेगा" इत्यादि सम्बोधन उचित है। नागरिकों को उनके द्वारा दिये गये किसी भी सहयोग के लिये धन्यवाद अवश्य दिया जाना चाहिये। इसका बोध तथा अभ्यास प्रशिक्षुओं को कराया जाये।

6– संस्था प्रमुख प्रत्येक 15 दिवस का टाइम टेबिल (समय सारणी) तैयार कराकर जारी करेंगे।

7– प्रशिक्षण में आधुनिक प्रशिक्षण उपकरणों का अधिकाधिक प्रयोग किया जाये।

8– प्रत्येक कालांश के लिए उच्चकोटि (प्रमाणित) पुस्तक से पाठ पहले ही तैयार कर लें। जो भी प्रशिक्षक अथवा अतिथि प्रवक्ता कोई भी कक्षा लेंगे, उसके पूर्व, क्या पढ़ाने जा रहे हैं, उसका एक सारांश बनाकर इण्डोर प्रभारी को पहले ही उपलब्ध करा देंगे, जिससे कि प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम के अनुसार ही चले तथा प्रत्येक कालांश में क्या पढ़ाया जाना है, वह विषय अवश्य पढ़ा दिया जाए।

9– विषय वस्तु स्लाइड व पिक्चर पर तैयार करें एवं पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत करें।

10– प्रशिक्षणार्थी को व्यवहारिक ज्ञान, सुरक्षा ड्यूटी, घटनास्थल निरीक्षण, विवेचना आदि कराने से पूर्व मौलिक सिद्धांत समझायें।

11– जिन विषयों में प्रयोगात्मक प्रशिक्षण या assignment कराया जाना है उन विषयों को संकाय अधिकारी/पुलिस अधिकारी प्रत्येक विषय (Topic) की सैद्धांतिक व्याख्या 10 मिनट से अधिक नहीं करेंगे। शेष 30 मिनट में व्यावहारिक प्रशिक्षण (Practical work) कराते हुए प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक अभ्यास करायेंगे तथा प्रत्येक प्रशिक्षु के व्यावहारिक प्रशिक्षण का मूल्यांकन सतत रूप से करते रहेंगे एवं तदनुसार व्यावहारिक प्रशिक्षण में पाये जाने वाली कमियों को दूर करेंगे। प्रयोगात्मक /assignment कार्य का अभ्यास सैद्वान्तिक पाठ के उपरान्त प्रारम्भ कर दिया जाये। लम्बे समय तक अभ्यास के उपरान्त लगभग 10 माह के प्रशिक्षण के उपरान्त ही अन्तिम रूप से मूल्यांकन करके अंक दिये जायेंगे। प्रयोगात्मक /assignment कार्य का मूल्यांकन जिस अभिलेख के आधार पर किया जाये उसे एक वर्ष तक सुरक्षित रखा जाय।

12– ऐसे समस्त प्रयोगात्मक अभ्यास, जिनमें प्रशिक्षु द्वारा कृत कार्यवाही, हरकत, भाव भंगिमा, भाषा, व्यवहारिकता इत्यादि मुख्य हैं, उनकी वीडियो ग्राफी की जाये। बाद में इसे दिखाकर उनकी गलतियों को सुधारा जाये।

13– ऐसे प्रश्न तैयार किए जायें, जिसके उत्तर में पाठ के महत्वपूर्ण अंश सम्मिलित हों।

14– प्रत्येक विषय की पाठ्य सामग्री हेतु प्रशिक्षणार्थी का मार्गदर्शन करें।

15– सही वर्दी धारण करें, जिससे फुर्तीलापन प्रदर्शित हो एवं उसका रख–रखाव भी साफ–सुथरा हो।

16– प्रत्येक कालांश में प्रश्न पूछने के लिए कुछ समय दें अर्थात् संदेहों को दूर करें।

17– कमजोर प्रशिक्षणार्थियों पर विशेष ध्यान दें तथा तेजस्वी प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह बढ़ायें।

18– कोई भी प्रशिक्षक/अतिथि प्रवक्ता कक्षा में न तो मोबाईल लेकर जाएंगे और न ही मोबाईल पर कोई वार्ता करेंगे। न ही किसी प्रशिक्षु को कक्षा में मोबाईल लेकर जाने की अनुमति होगी। मोबाईल को साईलेन्ट मोड पर करके रखने की अनुमति भी कतई नही होगी।

19– कोई भी प्रशिक्षु कक्षा में गुटखा, पान मसाला, पान इत्यादि का सेवन किसी भी दशा में नही करेगा।

20– कोई भी प्रशिक्षु क्लास छोड़कर, क्लास के समय किसी भी दशा में बाहर नही घूमेगा तथा यदि घूमता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

21– प्रशिक्षुओं में आत्मसम्मान की भावना जाग्रत की जायेगी। उनके आत्म सम्मान को ठेस न पहुँचायी जाये।

22–न्यायिक अधिकारियों को भी विशिष्ट विषयों पर वार्ता हेतु बुलाया जाय।

23–03 माह के आधारभूत प्रशिक्षण के उपरान्त प्रशिक्षुओं को कारागार का भ्रमण कराया जाय ताकि कैदियों के व्यवस्थापन एवं प्रशासन के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। इसके अतिरिक्त कारागार के अधीक्षकों/ पुलिस उपमहानिरीक्षकों को कारागार एवं सुधार प्रशासन तथा तत्संबंधी अधिनियम/ नियम पढ़ाने हेतु आमंत्रित किया जाय ताकि वह कारागार की प्रबन्धन एवं प्रशासन व्यवस्था के संबंध में जानकारी दें सकें। इन्हें पाठ्यक्रम की विषय वस्तु की सूचना पर्याप्त समय पूर्व दे दी जाये।

26. बाह्य विषयों के प्रशिक्षकों के लिए निर्देशः–

1– प्रशिक्षुओं के आत्म सम्मान को चोट न पहुँचने पाये। उन्हें एक अपना तथा दूसरे का सम्मान करना सिखाया जाये। आवश्यक है कि उनमें हीन भावना न पनपने पाये और यदि पूर्व से ऐसी भावना हो तो उसे निकाला जाये। एक आत्म सम्मान वाला पुलिस अधिकारी ही नागरिकों से सम्मान पूर्व व्यवहार करेगा।

2– प्रशिक्षुओं में अपने कृत्यों की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेने का साहस पैदा किया जाये। हानि की कीमत पर भी असत्य का सहारा न लेने की भावना जागृत की जाये।

3– प्रशिक्षुओं के अन्दर प्रजातान्त्रिक मूल्यों, समता, बन्धुत्व तथा व्यक्ति की स्वतंत्रता कीभावना जागृत करना प्रशिक्षुओं का प्रमुख दायित्व है। उन्हें प्रशिक्षित किया जाये कि अशिष्ट/ उद्दण्ड व्यवहार करने वाले या सामान्य तथा सभ्य समाज में अस्वीकार्य भाषा एवं आचरण का प्रयोग करने वाले व्यक्ति को भी बिना उत्तेजित हुये शिष्ट शब्दों से वार्ता करके शान्त करने का कौशल उनमें आ जाये।

4. प्रशिक्षुओं को व्यक्तियों से सम्मानजनक व्यवहार का बोध एवं अभ्यास कराया जाये चाहे वह व्यक्ति पीड़ित हो, अथवा अभियुक्त हो, अथवा घायल हो, अथवा बन्दी हो। जिन व्यक्तियों के ऊपर बल प्रयोग किया जाये उनके साथ भी शिष्ट एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाये। घायलों/शवों को उठाते/परिवहन करते समय व्यक्ति की गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाये।

5– अपनी गलती होने पर क्षमा प्रार्थना करना/ खेद व्यक्त करना आवश्यक है। नागरिकों को असुविधा होने पर भी क्षमा मांगना उच्चकोटि के शिष्ट आचार का द्योतक है। भले ही हमारी कोई गलती न हो। उदाहरणार्थ– तलाशी लेने से पूर्व या गिरफ्तारी करते समय"क्षमा करियेगा/ माफ करियेगा" इत्यादि सम्बोधन उचित है। नागरिकों को उनके द्वारा दिये गये किसी भी सहयोग के लिये धन्यवाद अवश्य दिया जाना चाहिये। इसका बोध तथा अभ्यास प्रशिक्षुओं को कराया जाये।

6. सही वर्दी धारण करें, जिससे फुर्तीलापन (स्मार्टनेस) प्रदर्शित हो सके एवं उसका रख–रखाव साफ–सुथरा हो।

7. पाठ्यक्रम को पढ़ें तथा उसे निर्धारित अवधि में मोटे तौर पर विभाजित करें।
8. पाठ को सुविधाजनक भागों (कालाँशों) में विभाजित करें।
9. विषय के अनुसार हिन्दी में व्याख्या करें।
10. अपनी व्यक्तिगत Body movements द्वारा नमूना दें।
11. विभिन्न हरकतों को एक–एक करके प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी से कराया जाय, ताकि उसको पूरा ज्ञान हो सके।
12. प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी की त्रुटियों को सही करें। अनावश्यक टीका–टिप्पणी न करें, जब तक कि प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी उससे भिज्ञ न हो जाये कि सही क्या है, तब तक अतिरिक्त समय में विशेष कालांश में प्रशिक्षित करें।

13. फील्ड क्राफ्ट, एवं टैक्टिक्स तथा अन्य व्यावहारिक/ प्रयोगात्मक कार्य के अभ्यास गहनता से कराकर दक्षता पैदा की जाये। अभ्यास की वीडियो ग्राफी की जाये ताकि प्रशिक्षुओं को उसे दिखाकर उनकी गलतियों को सुधारा जा सके।

14. किसी प्रशिक्षणार्थी को खराब हरकत करने की अनुमति कभी भी न दें।

15. वर्ड ऑफ कमाण्ड तेज व साफ शब्दों में दें।

16. शारीरिक प्रशिक्षण के पाठ इस प्रकार सिखायें, जो उसके पूरे जीवन के लिए लाभकारी हो।

17. खेल, तैराकी, एथलेटिक व कठिन बाधाओं को पार करने में रूचि उत्पन्न करायें।

18. प्रशिक्षणार्थियो की रूचि के अनुसार जूडो/कुश्ती/बाक्सिंग/कराटे आदि विभाजित कर टोलियों में आयोजित करायें।

19. बाह्य विषयों के सैद्वान्तिक पक्ष को विद्यालय में क्लास रूम में दृश्य–श्रृव्य एवं अन्य प्रशिक्षण तकनीकों के माध्यम से समझाया जाये। वीडियो प्ले–बैक भी क्लास रूम में कराया जाये। यह परम्परा बन्द होनी चाहिये कि बाह्य विषयों का सैद्वान्तिक अंश भी ग्राउण्ड पर पेड़ के नीचे पढ़ाया जाय।

20. बाह्य विषयों के प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम के अनुसार सम्पन्न कराने हेतु सैन्य सहायक उत्तरदायी होंगे।

27. प्रशिक्षण के दौरान शांति–व्यवस्था ड्यूटी

28. पुलिस महानिदेशक मुख्यालय के लिखित आदेश के बिना प्रशिक्षुओं को शांति–व्यवस्था ड्यूटी में नहीं लगाया जाएगा।

29. प्रत्येक प्रशिक्षु को अन्तः प्रशिक्षण एवं बाह्य प्रशिक्षण के प्रत्येक विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

30. निदेशक समय–समय पर प्रशिक्षुओं से संवाद करेंगे तथा उनका ख्याति प्राप्त लब्ध प्रतिष्ठ अतिथि प्रवक्ताओं को बुलाया जाना सुनिशिचित करेंगे।

31. प्रशिक्षणर्थियों को एक निर्धारित प्रारूप में फीड् बैक फार्म उपलब्ध कराया जायेगा जो अतिथि प्रवक्ता, विशिष्ट वार्ताकार एवं विषय विशेषज्ञ के व्याख्यान के उपरान्त उन्हें भर कर सम्बन्धित इण्डोर इन्चार्ज को उपलब्ध करायेंगे।

32. निदेशक मीडिया जगत के ख्याति प्राप्त पत्रकार गणों (प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक) को मीडिया इन्टरफेस एवं जन सूचना विषय पर व्याख्यान देने हेतु आमन्त्रित करेंगे। प्रशिक्षणर्थियों को पुलिस एवं मीडिया के संवाद के संबंध में परिबोध करायेंगे।

33–(क)–कालाँश विवरण

प्रशिक्षण की अवधि 12 $^{1/2}$माह	380दिवस
रविवार अवकाश	54 दिवस
द्वितीय शनिवार	13 दिवस
राजपत्रित अवकाश	**24 दिवस**
संवेदीकरण कार्यक्रम एवं कैप्सूल कोर्स (परिशिष्ट–3)	28 दिवस
परीक्षा	12 दिवस
प्रशिक्षण के लिये उपलब्ध कुल दिवस	**249 दिवस**
(क)– अन्तःकक्ष प्रशिक्षण	
कालाँश प्रतिदिन	06
कुल कालाँश की संख्या	**1494**
एक कालाँश की अवधि	40 मिनट

(ख)– बाहय प्रशिक्षण	
कालाँश प्रतिदिन	04
कुल कालाँश की संख्या	**888**
एक कालाँश की अवधि	40 मिनट

नोटः–बाह्य प्रशिक्षण में वास्तविक आंशिक कार्य दिवस (बृहस्पतिवार)

54× 2=108 कालाँश

नोट :–(01) लम्बी दूरी (10–15 कि0मी0)की क्रॉसकंट्री रेस द्वितीय शनिवार की प्रातः कराई जायेगी ।

(02) सायंकाल निर्धारित कालाँशों के बाद एक अतिरिक्त कालाँश खेल का होगा जिसका औपचारिक उल्लेख कालाँशों के सम्पूर्ण विवरण में नहीं दिया गया है।

(03) आवश्यकता पडने पर तैराकी का प्रशिक्षण/अभ्यास बृहस्पतिवार की प्रातःकाल भी कराया जा सकता है ।

(04) मौसम को देखते हुए पाठ्यक्रम में स्थानीय स्तर पर परिवर्तन किया जा सकता है ।

(05) निदेशक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद अपने विवेकानुसार प्रशिक्षणार्थियों को समय–समय पर योगाभ्यास मौसम के अनुसार करायेंगे।

34–(ख)–प्रशिक्षण कार्यक्रम एक दृष्टि में :–

क्र0 सं0	विषय	कालाँश	पूर्णांक
1	अन्तः कक्ष कालाँश	**1494**	1500
2	बाह्य कक्ष कालाँश	**888**	900
3	निदेशक द्वारा प्रदत्त अंक	–	100
	कुल	**–**	**2500**

नोट– लगभग 03 माह का ''फाउण्डेशन कोर्स'' उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी, अलीगंज, लखनऊ में प्राप्त किया जाता है।

35– सेमिस्टर अनुसार अन्तिम परीक्षा के विषयों, अंको एवं कालाँशों का विवरणअ– आन्तरिक विषय

क0	विषय	कालाँश			अंक		
		सैद्धान्तिक	प्रयोगात्मक	योग	सैद्धान्तिक	प्रयोगात्मक	योग
	प्रथम सेमिस्टर –						
1	आधुनिक भारत में पुलिस का स्वरूप/राज्य पुलिस व्यवस्था एवं उसका स्वरूप	50	0	50	75	0	75
2	**भारतीय संविधान**	60	0	60	75	0	75
3	लैंगिक न्याय एवं मानवाधिकार	50	0	50	50	0	50
4	अपराधशास्त्र, दण्ड विज्ञान एवं परिपीड़ा शास्त्र	50	0	50	50	0	50
5	**मानचित्र पठन, प्लॉन ड्राइंग, रेडियो संचार तथा प्राथमिक चिकित्सा**	50	50	100	50	50	100
6	पुलिस रेगुलेशन	80	0	80	100	0	100
	कम्प्यूटर						
	द्वितीय सेमिस्टर :–						
7	**भारतीय दण्ड विधान**	80	0	80	100	0	100
8	**दण्ड प्रक्रिया संहिता**	80	10	90	75	25	100
9	भारतीय साक्ष्य अधिनियम	50	0	50	50	0	50
10	विधि विज्ञान एवं विधि चिकित्साशास्त्र	60	**24**	**84**	50	25	75
	कम्प्यूटर						
	तृतीय सेमिस्टर :–						
11	थाना प्रबन्धन एवं जी0आर0पी0	40	10	50	25	25	50
12	अपराधों की विवेचना एवं पर्यवेक्षण	80	40	120	50	50	100
13	न्यायशास्त्र, न्यायालय व्यवस्था एवं अभियोगों का विचारण	50	0	50	50	0	50
14	**विविध अधिनियम**	80	20	100	50	25	75
	कम्प्यूटर						
	चतुर्थ सेमिस्टर :–						
15	कानून व्यवस्था एवं लोक व्यवस्था की स्थापना, सुरक्षा, आपदा प्रबंधन एवं मोटर तकनीक तथा यातायात प्रबन्धन	70	0	70	75	0	75
16	पत्र व्यवहार, अधिष्ठान एवं पुलिस लाइन प्रबन्धन	70	20	90	75	25	100
17	वित्तीय नियम, बजट तथा लेखा	50	0	50	50	0	50
18	प्रबंध के सिद्धांत एवं मानव मनोविज्ञान	50	20	70	50	25	75
19	अन्तर्विभागीय समन्वय एवं सामंजस्य	50	0	50	50	0	50
20	कम्प्यूटर	100	50	150	60	40	100
	कुल योग	**1250**	**244**	**1494**	**1210**	**290**	**1500**

नोटः—कम्प्यूटर प्रशिक्षण के कालाँश सभी सेमेस्टर में चलाये जायेंगे। किन्तु परीक्षा चतुर्थ सेमेस्टर में होगी।

ब—बाह्य विषय

क्रं0सं0	विषय	कालाँश	अंक
01—	पदाति प्रशिक्षण	120	125
02—	शस्त्र प्रशिक्षण	90	75
03—	शस्त्र फायरिंग	30	75
04—	शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण/योगा	**320**	300
05—	यातायात नियन्त्रण ड्रिल	**22**	25
06—	भीड़ नियन्त्रण/बलवा ड्रिल	**36**	25
07—	फील्ड क्राफ्ट टैक्टिक्स एवं जंगल ट्रेनिंग	65	100
08—	अश्वारोहण	115	75
09—	मोटर ड्राइविंग	30	50
10—	तैराकी	60	50
	योग कालाँश	**888**	**900**

द— संवेदीकरण कार्यक्रम :—

संवेदीकरण हेतु निम्न संस्थाओं का भ्रमण—

1	सी0बी0आई0 अकादमी गाजियाबाद	01 दिन (03माह बाद)
2	केन्द्रीय एवं जिला कारागार	02 दिन (03 माह बाद)
3	केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल यथा— सी0आर0पी0एफ0, बी0एस0एफ0, आई0टी0बी0पी0 के ग्रुप सेण्टर/ क्षेत्रीय मुख्यालयों का भ्रमण	03 दिन (03 माह बाद)
4	एस0एस0बी0— फरंटियर मुख्यालय लखनऊ एवं बॉर्डर की इकाईयाँ	03 दिन (04 माह बाद)
5	सेना के साथ सम्बद्धता	07 दिन (अन्तिम परीक्षा के बाद)
6	भारत भ्रमण	10 दिन (कोर्स के लगभग मध्य में)

य– कैपसूल कोर्स–

1	राजा टोडरमल भू–लेख प्रशिक्षण संस्थान, हरदोई	06 दिन (04 माह बाद)
2	इन्ट्टीयूट आफ ज्यूडीशियल ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च लखनऊ	03 दिन (04 माह बाद)
3	जन सूचना एवं मीडिया इन्टरफेस	18 कालाँश
4	*कमाण्डो स्किल27 Obstacles on the pattern of BSF and NSG*	*One period for one month*
5	*Urban intervention with demonstration* *Hostage Rescue-- रेस्क्यू की परिभाषा, रेस्क्यू के प्रकार, उदाहरण, रेस्क्यू के सामान्य तकनीकी, रेस्क्यू के विभिन्न चरण तथा ऑपरेशन, रेस्क्यू की महत्ता ,रेस्क्यू में प्रयोग किये जाने वाले उपकरण*	*02 दिवस*

36. प्रस्तर–33 एवं 35 में दिये गये विषय विवरण के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। अन्तः विषयों के पाठयक्रम की विस्तृत विषय वस्तु परिशिष्ट–01 तथा बाहय विषयों के पाठयक्रम की विस्तृत विषय वस्तु परिशिष्ट–02 में दी गई है।

37. अकादमी में प्रशिक्षण की अवधि में प्रशिुओं को विभिन्न सम–सामयिक विषयों पर संवेदीकरण एवं कैपसूल माड्यूल कराये जायेंगे। इनका विवरण प्रस्तर–35 (द) एवं (य) में दिया गया है।

38. अन्तः एवं बाह्य प्रशिक्षण की समाप्ति के उपरान्त प्रशिक्षणर्थियों को 05माह की अवधि के लिये पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा नियत जनपदों में व्यावहारिक प्रशिक्षण हेतु भेजा जायेगा। व्यावहारिक प्रशिक्षण की विस्तृत रूपरेखा परिशिष्ट–04 में दी गयी है।

39. 05 माह का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त प्रशिक्षु निदेशक द्वारा निर्धारित अवधि (1से 2सप्ताह) के लिये डीब्रीफिंग हेतु पुनः डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद में आयेंगे। इस दौरान उनके द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त प्रशिक्षण पर प्रस्तुतीकरण किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान उनके द्वारा जिलों में हो रहे अच्छे कार्य (good practices) के बारे में भी अपने अनुभव के बारे में बताया जायेगा। इस अवधि के समाप्ति पर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा उन्हें जनपदों में नियुक्त किया जायेगा।

40. पाठयक्रम में संशोधन

पाठयक्रम में किसी संशोधन की आवश्यकता समझी जायेगी तो पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण, विचारोपरांत निर्णय लेकर संशोधन हेतु पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 को प्रस्ताव भेजेंगे।

(सुलखान सिंह)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश

प्रतिलिपि– पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। वे कृपया सर्व सम्बन्धित अधिकारियों/ कार्यालयों को इसकी प्रतियाँ अपने स्तर से प्रेषित करने का कष्ट करें।

पुलिस महानिरीक्षक, प्रशासन
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

परिशिष्ट–1

पुलिस उपाधीक्षक (सीधी भर्ती) अन्तः कक्षीय प्रशिक्षण पाठयक्रम की विस्तृत विषय वस्तु

01)–आधुनिक भारत में पुलिस का स्वरूप/ राज्य पुलिस व्यवस्था एवं उसका स्वरूप–

कालाँशः 50 **पूर्णांकः 75**

1. सामाजिक, आर्थिक वातावरण एवं पुलिस पर प्रभाव

1 भारतीय समाज में व्यक्ति एवं परिवार।
2 जाति, धर्म, समुदाय एवं वर्ग का भारतीय समाज में महत्व ।
3 कृषकीय व्यवस्था (Agrarian Structure) में परिवर्तन एवं ग्रामीण समाज पर उसका प्रभाव ।
4 भारतीय समाज का बदलता सामाजिक, आर्थिक परिवेश से पुलिस के समक्ष उभरती चुनौतियाँ एवं पुलिस की भूमिका

2. पुलिस का स्वरूप :–

1. वर्तमान पुलिस के संगठन का इतिहास
2. पुलिस के समक्ष चुनौतियाँ :– साम्प्रदायिकता, जातिवाद, क्षेत्रीय एवं आर्थिक असंतुलन, नक्सलवाद, आतंकवाद, राजनैतिक हस्तक्षेप, तकनीक विकास, साइबर क्राइम, सामाजिक गतिकी, बढ़ती जनसंख्या, संगठित अपराध, सफेदपोश अपराध

3. पुलिस का संगठन :–

1. **(अ) उ0प्र0 पुलिस का संगठन** :–
राज्य– मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद, जोन, परिक्षेत्र, जिला, सर्किल (क्षेत्र) थाना, चौकी तथा ग्राम स्तर, रिजर्व पुलिस लाइन, पुलिस कण्ट्रोल रूम, अभियोजन शाखा, एल0आई0यू0, विशेष जाँच शाखा, महिला अपराध सेल, महिला पुलिस थाना, क्राइम ब्राँच (डी0सी0आर0बी0,) स्पेशल इन्क्वायरी,फील्ड यूनिट, एस0ओ0जी0, सर्विलान्स सेल, ए0एच0टी0यू0, विशेष पुलिस अधिकारी, व अन्य जिला स्तर की इकाईयाँ।

(ब)–विशेष इकाईयांः–

उ0प्र0 पी.ए.सी. मुख्यालय लखनऊ, भारतीय रिजर्व बटालियन (आई.आर.बी.),एस0टी0एफ0, ए0टी0एस0, महिला पावर लाईन (1090), महिला सम्मान प्रकोष्ठ,

स्पेशल ब्राँच, अभिसूचना मुख्यालय, सुरक्षा शाखा, अभियोजन निदेशालय, तकनीकी सेवायें, उ0प्र0 पुलिस कण्ट्रोल केन्द्र, एफ0एस0एल0, एस0सी0आर0बी0/फिंगर प्रिन्टस ब्यूरो, एस0पी0 एम0वी0ओ0, क्राइम ब्रान्च सी0आई0डी0, राजकीय रेलवे पुलिस, पुलिस दूरसंचार, यातायात निदेशालय, होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा, पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ एवं उनके अधीनस्थ पुलिस प्रशिक्षण संस्थान, राज्य सतर्कता ब्यूरो, अग्निशमन सेवायें, भ्रष्टाचार निवारण, आर्थिक अपराध शाखा, स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम (SIT),एस0आई0बी0 को–ऑपरेटिव, खाद्य प्रकोष्ठ, फूड एण्ड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, पावर कारपोरेशन (विजिलेन्स एवं प्रवर्तन इकाई), रूल्स एण्ड मैनुअल, कारागार, उ0प्र0 पुलिस आवास निगम, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, ट्रेड इन्फोर्समेन्ट विंग, सेण्ट्रल स्टोर कानपुर, सेण्ट्रल स्टोर आयुध (सीतापुर)

2.–केन्द्रीय पुलिस संगठन एवं संस्थानः–

1–	आई.बी.	2– सी.बी.आई.
3–	बी.पी.आर.एण्ड.डी.	4– सी.आर.पी.एफ. एवं आर.ए.एफ.
5–	बी.एस.एफ.	6– आर.पी.एफ.
7–	सी.आई.एस.एफ.	8–एन.पी.ए.
9–	एन.आई.सी.एफ.एस.	10–एन.सी.आर.बी.
11–	एन.आई.ए.	12–नारकोटिक कन्ट्रोल ब्यूरो
13–	आर.एन.डब्ल्यू.	14–आर.पी.एस.एफ.
15–	एस.एस.बी.	16– एन.एस.जी.
17–	प्रवर्तन निदेशालय	18– एस.पी.जी.

19– आई.टी.बी.पी.

20– संदिग्ध अभिलेखों के सरकारी परीक्षण के कार्यालय–शिमला, कोलकता,हैदराबाद

21– सेन्ट्रल फिंगर प्रिन्ट ब्यूरो

22– सेन्ट्रल फोरेसिंक साइंस लेबोरेटरी दिल्ली, कोलकाता,हैदराबाद, अहमदाबाद

23– एन.डी.आर.एफ.

24– ब्यूरो आफ सिविल एवीऐशन सिक्योरिटी (बी.सी.ए.एस.)

25– डी.सी.पी.डब्ल्यू. एवं अन्य

4. उत्तर प्रदेश शासन का संगठन :–

(क) मुख्य सचिव एवं राज्य के अन्य विभाग

(ख) गृह विभाग का संगठन

(ग) पुलिस–प्रशासनिक सम्बन्ध

5. राज्य निर्वाचन आयोग

02)– भारतीय संविधान–

कालाँशः 60 **पूर्णांकः 75**

(खण्ड क)–भारतीय संविधान :–

1. **भारतीय संविधानः–**
   1. निर्माण का इतिहास, विशेषतायें, उद्देशिका
   2. **नागरिकता**
2. **मौलिक अधिकार :–**
   अनुच्छेद 12 से 35 तक
3. **राज्य के नीति निर्देशक तत्व** :–
   अनुच्छेद 37 से 51 तक
4. **मूल कर्तव्य** :–
   अनुच्छेद 51 ए
   भाग–vअध्याय–1, केन्द्रीय कार्य पालिका– राष्ट्रपति–मंत्रिपरिषद, सांसद, ऐक्ट–123 भी अध्याय–2– राज्य कार्यपालिका उपरोक्तानुसार, C & AG
5. **सांसदों एवं विधायकों के विशेषाधिकार, उन्मुक्तियाँ :–**
   अनुच्छेद 105, 194
6. **भारतीय न्यायिक व्यवस्था– उच्च न्यायालय, उच्चतम न्यायालय :–**
   अनुच्छेद 124–127, 131,132, 214 से 217, 226
7. **विधि का शासन एवं अपराधिक न्याय प्रशासन, लोक हितवाद (PIL)**
8. **लोक अदालत**
9. **संघ/ राज्यों के बीच सम्बन्ध** :–
   अनुच्छेद 256 से 258, 262, 263, 301, 302, सातवीं अनुसूची की तीनों सूचियाँ
10. **सेवायें–**308 से 313, **PSC-** 315 से 323
11. **प्रशासनिक अधिकरण** :–
    अनुच्छेद 323क, ख
12. **आपात उपबन्ध** :–विध्वंसात्मक शक्तियों का विकास, साम्प्रदायिकता, क्षेत्रवाद, अतिवाद, आतंकवाद आदिः–
    अनुच्छेद 352, 353, 355, 356, 358, 359
12. **राष्ट्रपति/ राज्यपाल को संरक्षण** :–
    अनुच्छेद 361, 361क

13. **पंचायती राज व्यवस्था** :–

अनुच्छेद 371

14. आरक्षण, वर्तमान व्यवस्था (केन्द्र व राज्य सरकार) नवीनतम शासनादेशों एवं माननीय उच्चतम एवं उच्चन्यायालयों के निर्णय
15. आर्टीकल 368– संविधान संशोधन
16. यू0टी0–पार्ट VIII
17. लोकल बोडीज– पार्ट IX, IXA, IX**B**,

03)– लैंगिक भेदभाव एवं मानवाधिकार–

कालाँशः 50 **पूर्णांकः 50**

खण्ड क–लैंगिक भेदभाव

1. महिलाओं की स्थिति, एतिहासिक परिप्रेक्ष्य एवं सामाजिक परिवेश
2. लैंगिक संवेदीकरण
3. महिलाओं के प्रति हिंसा– प्रकृति एवं विस्तार :–
   (अ)छेड़खानी व उत्पीडन
   (ब) घरेलू हिंसा
   (स) दहेज उत्पीड़न/ दहेज मृत्यु
   (द) बलात्कार
   (य) महिलाओं के प्रति अन्य हिंसा
4. महिलाओं के प्रति हिंसा के कारण :–
   (अ) पुरूष प्रधान समाज
   (ब) फाइनेंस–आर्थिक निर्भरता
   (स) दहेज
   (द) विवाहेत्तर संबंध (Infedility)
   (य) अत्यधिक मद्यपान (Alcoholism)
   (र) प्रतिरोध की क्षमता का अभाव
   (ल) कानून की जानकारी न होना
   (व) परिवार के नियंत्रण का अभाव
5. महिलाओं के प्रति हिंसा में पुलिस की प्रतिक्रिया–
   (अ) त्रुटिपूर्ण अवबोधन (Faulty Perception) के कारण पुलिस की प्रतिक्रिया में कमी
   (ब) थाना स्तर पर पीड़ित महिला के साथ अपेक्षित व्यवहार की कमी
   (स) महिला सम्बन्धी अपराधों की धाराओं एवं अन्य निर्देशों की अद्यावधिक जानकारी न होना
   (द) विवेचना में कानून की जानकारी का समुचित प्रयोग न किया जाना

(य) वैज्ञानिक प्राविधानों की जानकारी एवं उनका प्रयोग न करना

6. पीड़ित महिला के साथ बर्ताव–

(अ) पीड़ित महिला की मनोदशा को सामान्य रूप से समझना

(ब) बलात्कार एवं छेड़खानी (Molestation) की शिकार महिलाओं की मनोदशा को विशेष रूप से समझना।

(स) पीड़ित महिला के साथ बातचीत तथा उसकी पीड़ा को दूर करने में व्यवहार एवं वार्तालाप कौशल

7. पुलिस संगठन में लैंगिकता (Gender) के मुद्दे–

(अ) महिला पुलिस कर्मियों द्वारा पुलिस के साहसपूर्ण कार्य करने की क्षमता के सम्बंध में त्रुटिपूर्ण अवधारणा

(ब) महिला आरक्षियों की समस्याएं

(स) वरिष्ठ अधिकारियों एवं पुरूष सहयोगियों द्वारा महिला पुलिस कर्मियों के साथ बरताव

(द) पुरूष पुलिस अधिकारी की महिला पुलिस कर्मी के साथ व्यवहार में लैंगिक संवेदनशीलता की आवश्यकता

(य) पुरूष एवं महिला पुलिस कर्मियों के कर्तव्य आवंटन में भेदभाव के फलस्वरूप संगठन के मनोबल एवं समग्र सार्थकता पर प्रभाव

8. ए–कार्य करने के स्थान पर लैंगिक समानता

बी– कार्य करने के स्थान पर महिला कर्मचारी के साथ उत्पीड़न किये जाने के संबंध में वैधानिक

9. पीड़ित महिला को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराने विषयक विधि (महिला सहायता प्रकोष्ठ सी.बी.सी.आई.डी. उ0प्र0 लखनऊ)

10. पीड़ित महिला हेतु काउन्सिलिंग, महिला हेल्प लाइन के संबंध मे सामान्य जानकारी

नोटः जब भी आधारभूत प्रशिक्षण में अन्य विषयों में विषय को सामग्री अवसर प्रदान करें, उपरोक्त सभी बिंदुओं पर बता दिया जाये।

खण्ड–ख–मानवाधिकार

1. मानवाधिकार की अवधारणा एवं उसका महत्व, विकास व सांस्कृतिक उद्भव
2. अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दस्तावेज एवं मानवाधिकरों के संरक्षण हेतु अन्तर्राष्ट्रीय पहल ।
3. मानवाधिकार एवं संवैधानिक प्रावधान– रूपरेखा, संविधान के भाग–3, 4 एवं 4ए में वर्णित नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य ।
4. पुलिस द्वारा मौलिक अधिकारों की योजना में अनुच्छेद 20 व 21 की विशेष भूमिका।
5. पुलिस द्वारा लागू की जाने वाली विधिक कार्यवाहियों में मानवाधिकार की व्यवस्थाः–

(1) नागरिकों की गिरफ्तारी के समय

(2) विवेचना के दौरान गवाहों से पूँछताँछ के समय

(3) पीड़ित द्वारा न्याय के लिए गुहार करते समय

6. पुलिस द्वारा मानवाधिकारों का उल्लंघन, गैर कानूनी हिरासत, अवैधानिक पुलिस अभिरक्षा, पुलिस हिरासत में बलात्कार, हत्या व अन्य उत्पीड़न, कारण व निवारण।

7. विशिष्ट परिस्थितियों यथाः– जातीय, साम्प्रदायिक विवाद, नक्सल ऑपरेशन, एण्टी डकैती ऑपरेशन आदि में मानवाधिकारों से सम्बन्धित हनन के प्रकरण।

8.. मानवाधिकार हनन की शिकायतें–जांच व निवारण। जनहित विवादों व न्यायिक घोषणाओं के माध्यम से दोषी राजकीय कर्मचारी द्वारा मानवाधिकार हनन के शिकार व्यक्तियों की क्षतिपूति हेतु भुगतान ।

9.. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 (धारा 2,3,4,5,12,13,14) एवं अन्य सम्बन्धित विधिक, प्रशासनिक प्राविधान ।

10. राष्ट्रीय एवं राज्य के मानवाधिकार आयोग की कार्य प्रणाली व उपादेयता ।

11. राष्ट्रीय मानवाधिकार, अर्न्तराष्ट्रीय एवं संस्थाएं – एमनेस्टी इन्टरनेशनल, रेडक्रास, पीपुल्स यूनियन आफ सिविल लिबरट्रीज आदि की प्रवोधक भूमिका।

12. राज्य पुलिस मानवाधिकार प्रकोष्ठ।

13– मानवाधिकारों की अवधारणा एवं उनका महत्व, संवैधानिक प्राविधान

14– पीड़ित, परिवादी, साक्षी, अभियुक्त से व्यवहार विषयक विभागीय मानवाधिकार संबंधी निर्देशों के मुद्दे पर न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णय।

15– अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों, महिलाओं, बालकों एवं अल्पसंख्यकों के लिये राष्ट्रीय आयोगों के कार्य एवं शक्तियाँ।

16– अभिरक्षा में मृत्यु, बलात्कार एवं अन्य अपराधों में पुलिस विवेचनाओं से सम्बन्धित राष्ट्रीयमानवाधिकार आयोग के दिशा–निर्देश।

17– मानवाधिकारों के संरक्षण में पुलिस की भूमिका

- मानवाधिकारों के सम्बन्ध में पुलिस के विरुद्ध सामान्य शिकायतें (केस स्टडीज)
- मानवाधिकारों की संरक्षक के रूप में पुलिस की छवि को सुधारने की आवश्यकता एवं पहल

18. विगत वर्षों में मानवाधिकार से संबंधित प्रकाशित रिर्पोटों का अध्ययन ।

19. मानवाधिकार से संबंधित केस लॉ एवं केस स्टडीः–

1. <u>खड़क सिंह बनाम उत्तर प्रदेश सरकार (ए0आई0आर0 1963 उच्चतम न्यायालय पृष्ठ 1925)</u>

मा0 उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया है कि बिना किसी विधिक प्राधिकार के पुलिस कर्मियों द्वारा मात्र निगरानी के नाम पर किसी व्यक्ति को घर में रात्रि के समय नियमित रूप से जाना और वहाँ जाकर उसकी उपस्थिति दर्ज करना स्पष्टतः उस व्यक्ति के जीवन व दैहिक स्वतंत्रता में एक अनुचित हस्तक्षेप है।

2. परमानन्द कटारा बनाम भारत संघ (ए0आई0आर0 1989 उच्चतम न्यायालय पृष्ठ 2039)

मा0 उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया है कि एक दुर्घटनाग्रस्त या घायल व्यक्ति का जीवन विधिक औपचारिकताओं की तुलना में कहीं अधिक मूल्यवान होता है।

3. नीलावती बेहरा बनाम उड़ीसा राज्य (एस0सी0सी0 1993 पृष्ठ 746)

मा0 उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया है कि पुलिस अभिरक्षा में गिरफ्तार व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, राज्य का प्रमुख कर्तव्य है और यदि इस दौरान राज्य के सेवकों अर्थात पुलिस कर्मियों द्वारा उस व्यक्ति के मूल अधिकारों का उल्लंघन किया जाता है तो ऐसी दशा में राज्य को अपने सेवकों द्वारा किए गए उक्त दोषपूर्ण कार्य के लिए उस नागरिक को प्रतिकर देना होगा।

4. सुनील बत्रा बनाम दिल्ली प्रशासन 1980 सीआरएलजे 1099 / सिटिजन फॉर डेमोक्रेसी बनाम आसाम राज्य 1995 एससीसी 743हथकड़ी का प्रयोग

इन विधिक व्यवस्थाओं में मा0 उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि गिरफ्तारी के समय हथकड़ी का प्रयोग किन परिस्थितियों में होगा।

5. दिलीप कुमार बसु बनाम बंगाल राज्य 1997 एससीसी 642 जोगेन्द्र कुमार बनाम उ0प्र0 राज्य 1994 सीआरएलजे 1981 मानवाधिकार

इन विधिक व्यवस्थाओं में मा0 उच्चतम न्यायालय ने किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी एवं मानवाधिकार के संरक्षण हेतु निर्देश दिए हैं।

6. विशाखा बनाम स्टेट आफ राजस्थान (एआईआर 1997 (6) एससीसी 241)

कामकाजी महिलाओं का कार्य स्थल पर उत्पीड़न रोके जाने विषयक एवं लैंगिक उत्पीड़न न किए जाने हेतु माननीय उच्चतम न्यायालय ने विस्तृत दिशा निर्देश दिये हैं।

7. महबूब बाचा बनाम महाराष्ट्र राज्य 2011(74) एसीसी 600 (एसीसी)

इस मामले में उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अभिरक्षा में मौत (Custodial death)सभ्य समाज का सबसे घृणित अपराध है तथा देश के सभी राज्यों के गृह सचिव एवं पुलिस महानिदेशकों को अभिरक्षा में होने वाली मौतों को रोकने के लिए कड़े निर्देश दिये हैं।

8. खेतड़मजदूर चेतना संगठन बनाम मध्य प्रदेश (ए0आई0आर0 1995 एससी)

मा0 उच्चतम न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि पुलिस का कर्तव्य अपने कानूनी अधिकारों के लिए संघर्षरत व्यक्तियों की सुरक्षा करना है न कि उन्हें यातना देना।

10. पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज बनाम महाराष्ट्र राज्य एवं अन्य (2014) 9 एससीसी 129

पुलिस इन्काउन्टर में मृत्यु एवं गंभीर चोटों के प्रकरणों में पुलिस द्वारा विवेचना में अपेक्षित कार्यवाही किए जाने हेतु माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित दिशा–निर्देश।

- उद्देश्य संविधान के महत्वपूर्ण अनुच्छेदों का ज्ञान कराना है।
- प्रशिक्षण की समाप्ति पर अधिकारी पुलिस कार्य हेतु मौलिक अधिकारों की पवित्रता को समझने में योग्य होना चाहिये और उसे असंवैधानिक अधिकारों एवं मानव अधिकारों पर दृष्टि रखने के लिए उत्तरदायी संस्थाओं एवं प्राधिकारियों की जानकारी होनी चाहिए

04)– अपराधशास्त्र, दण्ड विज्ञान एवं परिपीड़ा शास्त्र–

कालाँशः 50 **पूर्णांकः 50**

अपराध शास्त्र की आधुनिक धारणा का परिचय, अपराध की परिभाषा ।

1. <u>अपराधशास्त्रीय कारण</u>(Criminological Factors):–
   1–मनौवैज्ञानिक
   2– भौगोलिक
   3– आर्थिक
   4– पारिवारिक
   5– राजनैतिक
   6– शिक्षा सम्बन्धी
   7– संचार माध्यम
   8– सामाजिक कुरीतियाँ
   9– युद्ध तथा क्रान्ति
   10– वंशानुगत (पैतृकता)
   11– शारीरिक दोष
   12– मानसिक दोष
   13– बेरोजगारी
   14– कुसंगति
2. **अपराध एवं अपराधी के प्रकार**
3. **<u>दण्ड विज्ञान (Penology)</u>:–**
   1. दण्ड विज्ञान की अवधारणा
   2. परिवीक्षा
   3. पैरोल
   4. सुधार गृह संस्थान
   5. सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाएं जो सामाजिक सुधार के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं से समन्वय
   6. विभिन्न प्रकार की जेलों की सामान्य जानकारी
   7. पुनरवर्तिता (Recidivism):– हतोत्साहित करने के उपाय
   8. दण्ड के सिद्धान्त एवं प्रकार

4. **<u>परिपीड़ा शास्त्र (Victimology)</u>**:–

1. अवधारणा एवं लक्ष्य
2. अपराध से पीड़ित व्यक्ति के लिये क्षतिपूर्ति
3. पुर्नस्थापन

05)–मानचित्र पठन, प्लॉन ड्राइंग, रेडियो संचार तथा प्राथमिक चिकित्सा–

कालाँशः 100 **पूर्णांकः 100**

सैद्धान्तिक

कालाँशः 50 **पूर्णांकः 50**

1. **<u>मैप रीडिंग</u>** :–

1. मैप रीडिंग का अर्थ एवं इससे लाभ
2. दिशाओं और उप दिशाओं का ज्ञान
3. दिशायें ज्ञात करने के साधन
4. वियरिंग का परिवर्तन करना
5. अन्तर की व्याख्या और वियरिंग का ज्ञान
6. सांकेतिक चिन्ह
7. पैमाना
8. स्थान, स्थिति
9. नक्शों का बनाना, दिशाओं का दर्शाना एवं दिशानुकूल रखना
10. मानचित्र पर पृथ्वी की बनावट दिखाना
11. परिभाषायें
12. प्रिज्मेटिक कम्पॉस
13. जी0पी0एस0, गुगल,
14. गूगल के फोटोग्राफों का अध्ययन करके उसकी व्याख्या करना
15. गूगल फोटो में किसी कैम्पस/ संस्थान को ढूढ़ना।
16. किसी स्थान पर अपराधी होने की सूचना पर नक्शों के रूट निशिचित करना तथा रास्ते की फोटोग्राफी बनाना।
17. SOI के मैप (SOI से प्राप्त कर लिये जायें)
    - 1: 25000
    - 1: 50000
    - 1: 125000
    - 1: 1000000
18. Survey of India के मैप पर विभिन्न भौगोलिक/ मानवीय संरचनाओं को पहचानना एवं व्याख्या करना।

2. **<u>प्लॉन ड्राइंग</u>** :–

प्रस्तावना

उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा नियमावली – 1942 के नियम – 22 (3) में प्रान्तीय पुलिस सेवा के अधिकारियो के लिए 18 माह का प्रशिक्षण प्रस्तावित है तथा संशोधित उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा नियमावली - 2016 के नियम - 22 (3) में प्रशिक्षण की अवधि के सम्बन्ध में यह अंकित किया गया है कि **"शासन तथा** विभागाध्यक्ष **द्वारा समय - समय पर निर्धारित किया जायेगा" ।** अन्तिम बार वर्ष 1999 में पुलिस उपाधीक्षक सीधी भर्ती का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम निर्धारित किया गया था। उसके पश्चात वर्ष 2004 तथा 2015 में संशोधन किये गये थे। प्रशिक्षण निदेशालय के पत्रांकः प्रनि – 178 / 2017 / 5158दिनांक अगस्त 30, 2017 द्वारा पाठ्यक्रम संशोधित एवं परिवर्तित करने हेतु निम्नवत् समिति का गठन किया गया था –

1 – श्री एल0 वी0 एन्टनी देवकुमार, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुरादाबाद **- अध्यक्ष**
2 – श्रीमती पूनम श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद **- सदस्य**
3 – श्रीमती पुष्पांजलि, पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुरादाबाद **- सदस्य**

2 – उक्त पाठ्यक्रम की समिति द्वारा अपनी आख्या दिनांक 23-11-2017 को प्रस्तुत की गयी। इस आख्या का गहन अध्ययन पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा किया गया एवं प्रशिक्षण निदेशालय के पत्र संख्याःप्रनि -प-220/ 2017 दिनांकः दिसम्बर , 2017 द्वारा प्रस्ताव पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश को भेजा गया।

3 – पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के कार्यालय ज्ञाप : डी0 जी0 ..... दिनांकः..... 2017 द्वारा पाठ्यक्रम निर्धारित करके जारी किया गया है। उक्त कार्यालय ज्ञाप को इस पुस्तिका के रुप में छापा जा रहा है।

4 - पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षुओं हेतु निम्नवत को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है –

अन्तः विषय -

कैपसूल कोर्स - (1) कमाण्डो स्किल (2) अरबन इन्टरवेन्शन विद डिमोन्स्ट्रेशन , प्राथमिक चिकित्सा
प्राथमिक चिकित्सा – प्राथमिक चिकित्सा का उद्देश्य, सिद्धान्त, चिकित्सा किट, प्राथमिक चिकित्सा के दौरान ही संक्रमण से बचना
भारतीय दण्ड विधान– धारा 498ए
केस लॉ– राजेश शर्मा बनाम उ0 प्र0 राज्य एवं अन्य
केन्द्र के प्रमुख एक्ट – अनुसूचित जाति / जनजाति संसोधन अधिनियम – 2015, Trade Mark Act 1999, Copy Right Act 1957 तथा The Cigarette and other Tobacco Products (Prohibition of advertisement and Regulation of Trade and Commerce, Production, Supply and Distribution) Act 2003 or COPTA – 2003
राज्य के प्रमुख एक्ट– एण्टी भूमाफिया टास्क फोर्स स्थापित करने के सम्बन्ध में शासनादेश संख्याः 491 / एक – 2 – 2017 – 1- (सामान्य) 2017 दिनांक 16-05-2017

1.

का वर्गीकरण

2. घटना स्थल का प्लॉन बनाना
3. किसी भवन का प्लॉन समझना
4. किसी कैम्पस का ले–आउट प्लॉन बनाना एवं समझना
5. जंगल की घटनाओं का प्लॉन
6. पैमाइश करने की रीति
7. लम्बाई के पैमाने
8. नदी की चौड़ाई / गहराई नापने के नियम
9. अभ्यासिक प्रश्न

3 रेडियो संचार :–

1. परिभाषा, आधारभूत धारणायें एवं दूरसंचार नेटवर्क का महत्व
2. प्रयोग किये जाने वाले उपकरणों का प्रकार
3. डब्लू0टी0 / आर0टी0 संचार की आवश्यकता एवं विधि– एच.एफ., वी.एच.एफ., यू.एच. एफ. एवं रिपीटर संचार प्रणाली । उपग्रह संचार एवं आप्टीकल फाइबर ।
4. संदेशों की प्राथमिकता– लेखन एवं वर्गीकरण,
5. वाकी–टॉकी / स्टैटिक मोबाइल सेटों पर वार्ता करने का व्यवहारिक प्रशिक्षण
6. दूरसंचार में आधुनिक पद्वतियॉ– सी0सी0टी0वी0, रेडियो बेस्ड पी0ए0 सिस्टम, जी0पी0एस0 बेस्ड व्हकिल ट्रेकिंग सिस्टम
7. जिलों में स्थापित पुलिस की संचार व्यवस्था–डी.सी.आर., सी.सी.आर., रिपीटर स्टेशन, सी. डब्लू स्टेशन, इलैक्ट्रानिक टेलीप्रिन्टर, आर.टी.टी.वाई. आदि ।
8. डायल–100 व्यवस्था एवं कॉल ट्रेकिंग

4– प्राथमिक चिकित्सा :–

1. प्राथमिक चिकित्सा का अर्थ एवं लाभ।***प्राथमिक चिकित्सा का उद्देश्य, सिद्धान्त, प्राथमिक चिकित्सा किट, प्राथमिक चिकित्सा के दौरान ही संक्रमण से बचाना***
2. प्राथमिक चिकित्सा के विभिन्न प्रकार एवं संसाधन।
3. हड्डी टूटने, घाव, रगड़, नीलगू घाव (Contusions) घर्षण (Abrasions) मरहम पट्टी करने का व्यवहारिक ज्ञान।
4. घायल होने, साँप काटने, महामारी फैलने एवं दैविक आपदा के समय प्राथमिक सहायता।
5. पीड़ित व्यक्तियों को प्राथमिक सहायता पहुंचाने का व्यवहारिक ज्ञान।
6. शरीर पर आई खुली चोटों एवं हड्डी टूटने की दशा में प्राथमिक उपचार।
7. जल में डूबने एवं फाँसी लगने पर कृत्रिम श्वाँस का दिया जाना ।
8. जहर खाने एवं जलने की दशा में प्राथमिक उपचार ।
9. दौरा पड़ने एवं बिजली से झुलसने की दशा में प्राथमिक उपचार ।
10. अभ्यासिक प्रदर्शन ।

प्रयोगात्मक

कालाँशः 50 **पूर्णांकः 50**

1. पीड़ित व्यक्तियों को प्राथमिक सहायता पहुँचाने का व्यवहारिक ज्ञान।
2. शरीर पर आई खुली चोटों एवं हड्डी टूटने की दशा में प्राथमिक उपचार ।
3. जहर खाने एवं जलने की दशा में प्राथमिक उपचार ।
4. दौरा पड़ने एवं बिजली से झुलसने की दशा में प्राथमिक उपचार ।

06)–पुलिस रेगुलेशन–

कालाँशः 80 **पूर्णांकः 100**

1. अध्याय 1
   (अ) पुलिस अधीक्षक के ऊपर के वरिष्ठ अधिकारियों की शक्तियाँ तथा कर्तव्य
   (ब) वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक प्रभारी, पुलिस अधीक्षक नगर व पुलिस अधीक्षक देहात की शक्तियाँ तथा कर्तव्य
2. अधयाय 2 रिजर्व निरीक्षक और रिजर्व उप निरीक्षक
3. अध्याय 3 लोक अभियोजक तथा उसके अधीनस्थ
4. अध्याय 5 थाना प्रभारी की शक्तियां व कर्तव्य एवं उसके अधीनस्थ उपनिरीक्षक, हे0कां0 व कां0 की शक्तियां व कर्तव्य
5. अध्याय 6 सशस्त्र पुलिस
6. अध्याय 7 सशस्त्र प्रशिक्षण रिजर्व (आरक्षित)
7. अध्याय 8 घुड़सवार पुलिस
8. अध्याय 9 ग्राम पुलिस
9. अध्याय 10 थानों में की गयी रिपोर्ट
10. अध्याय 11 अन्वेषण (अनुसंधान एवं विवेचना)
11. अध्याय 12 पंचायतनामा, शव परीक्षण और घायल व्यक्तियों का उपचार
12. अध्याय 13 गिरफ्तारी, जमानत तथा अभिरक्षा
13. अध्याय 14 सम्पत्ति की अभिरक्षा एवं निपटारा
14. अध्याय 15 विशेष अपराध
15. अध्याय 17 गश्त और नाकाबन्दी
16. अध्याय 18 विशेष गार्द और अतिरिक्त पुलिस
17. अध्याय 19 फरार अपराधी
18. अध्याय 20 बुरे चरित्र वालों का पंजीकरण और निगरानी
19. अध्याय 21 आदेशिकाओं का निष्पादन
20. अध्याय 22 अभिलेख एवं गोपनीय दस्तावेज
21. अध्याय 23 पुलिस थानों पर रखे गये लेखे

22. अध्याय 27 विशेष विधियों और नियमों के अन्तर्गत कर्तव्य
23. अध्याय 28 प्रकीर्ण
24. अध्याय 31 पारितोषिक (अध्यावधिक स्थिति)
25. अध्याय 35– राजपत्रित अधिकारियों, निरीक्षकों और रिजर्व उप निरीक्षकों का प्रशिक्षण
26. अध्याय 36– उप निरीक्षकों का प्रशिक्षण
27. अध्याय 37– हेड0 कानि0 व कानि0 का प्रशिक्षण

————

07)–भारतीय दण्ड विधान–

कालाँश :80 **पूर्णांकः 100**

अध्याय 1–प्रस्तावना एवं अपराध की अवधारणा धारा 1 से 5
अध्याय 2–सामान्य व्याख्यायें धारा 10,14,21से 30, 34, 44, 52, 52ए
अध्याय 3–दण्ड धारा 53, 75
अध्याय 4–साधारण अपवाद धारा 76 से 106
अध्याय 5–दुष्प्रेरण एवं आपराधिक षडयन्त्र धारा 107 से 109, 114
अध्याय 5(क)–अपराधिक षडयन्त्र 120ए, 120बी
अध्याय 6–राज्य के विरुद्ध अपराध धारा 121 से 124, 124ए
अध्याय 7–आर्मी, नेवी एवं एयर फोर्स से सम्बन्धित अपराध धारा 136, 140
अध्याय 8–लोक प्रशान्ति के विरुद्ध अपराध धारा 141 से 149, 151, 153ए, 153ए, 153बी, 159, 160
अध्याय 9–लोक सेवकों से सम्बन्धित अपराध धारा 166, 166क (संशोधित), 166ख, 170, 171
अध्याय 9(क)–निर्वाचन से सम्बन्धित अपराध धारा 171ए, बी,सी,डी,ई,
अध्याय 10–लोक सेवकों के विधि पूर्ण प्राधिकार के अवमान के विषय में धारा 174, 174 क, 182 से 188
अध्याय 11–झूठा साक्ष्य, व्यक्तियों एवं न्याय के विरुद्ध अपराध धारा 191 से 193, 195 क, 196, 201, 211, 212, 216, 216ए, 218, 223से 225, 227, 228, 228ए, 229ए
अध्याय 12–सिक्कों एवं सरकारी स्टाम्प से सम्बन्धित अपराध धारा 255 से 260, 263क
अध्याय 14–लोक स्वास्थ्य, क्षेम, सुविधा, शिष्टता एवं सदाचार पर प्रभाव डालने वाले अपराध धारा 268 से 270, 272 से 276,277,278,279,283, 285,289,292, 293, 294
अध्याय 15–धर्म से सम्बन्धित अपराध धारा 295, 295क, 296,297,298
अध्याय 16–मानव शरीर पर प्रभाव डालने वाले अपराध धारा 299 से 304, 304ए–बी, 306, 307, 308, 309, 313, 315, 317318,319से 326, 326क, 326ख, 328,330से333,336से338, 339 से 342, 349 से, 354, 354 ए,बी,सी,डी, (संशोधित) 356, 359 से 364, 364ए, 365, 366, 368, 370, 370क, (सशोधित)375, 376, 376 ए,बी,सी, डी, ई, 377

अध्याय 17–सम्पत्ति के विरुद्ध अपराध सम्पत्ति के न्यास भंग से सम्बन्धित अपराध छल, रिष्टि से संबंधित अपराध धारा 378 से 384, 385, 386, 387, 390, 391, 392 से 397, 398, 399, 401, 402, 405, 406 से 409,410, 411, 412, 413, 414, 415, 419, 420, 425, 429, 430, 435, 436, 441 से 460

अध्याय 18–अभिलेखों, सम्पत्ति चिन्हों से सम्बन्धित अपराध एवं मुद्रा का कूटकरण धारा 463 से 465, 467, 468, 470, 471, 477क, 489 ए,बी,सी,डी,ई

अध्याय 20–विवाह से सम्बन्धित अपराध धारा 494, 495, 497, 498, *498ए*

अध्याय 20(क)–पति या पति के नातेदार द्वारा क्रूरता के विषय में धारा 498ए

अध्याय 21–मान हानि के विषय में धारा 499, 500

अध्याय 22–आपराधिक अभित्रास, अपमान एवं अपराध कारित करने के प्रयास धारा 503, 504, 506, 509

अध्याय 23–अपराधों के करने के प्रयत्न में धारा 511

नोट– विषय अध्यापक आद्यतन संशोधनों की जानकारी प्रशिक्षुओं को देंगे।

- उद्देश्य यह है कि प्रशिक्षु अधिकारी को भारतीय दण्ड संहिता की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत अपराधों के अवयवों (ingredients) की जानकारी हो सके।

केस लॉ

1–रीमा अग्रवाल बनाम अनुपम 2004(3)एसीसी 199

विवाह अवैध होने पर भी दहेज हत्या के प्रकरण में धारा 304 बी के प्राविधान लागू होगें ।

2– विश्वनाथ बनाम जम्मू कश्मीर राज्य एआईआर 1983 (एससी) 174

अस्थायी गबन भी गबन की श्रेणी में आता है।

